# उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (निरसन) अधिनियम, 1998

**[उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 5 सन् 1998]**

**[जैसा उत्तर प्रदेश विधान मण्डल द्वारा पारित हुआ तथा संविधान के अनुच्छेद 200 के अधीन राज्यपाल महोदय ने दिनांक 6 फरवरी, 1998 को अनुमति प्रदान की और यह उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 5 संन् 1998 के रूप में दिनांक 7 फरवरी, 1998 को प्रकाशित किया गया।]**

**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग अधिनियम, 1988 को निरसित करने के लिए**

## अधिनियम

**भारत गणराज्य के उनचासवें वर्ष में निम्नलिखित अधिनियम बनाया जाता है :—**

**संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ**

**1**—यह अधिनियम उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (निरसन) अधिनियम, 1998 कहा जायेगा।

(2) यह 28 सितम्बर, 1997 से प्रवृत्त हुआ समझा जायेगा।

**उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 7 सन् 1988 का निरसन**

**2**—उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन अयोग अधिनियम, 1988 एतद्द्वारा निरसित किया जाता है।

**निरसन**

**3**—उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन अयोग (निरसन) अध्यादेश, 1997 एतद्द्वारा निरसित किया जाता है।